चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर........

दिनांक 17.4.2019 पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....1-5....

गुलदस्ते में जरा सी डालें चीनी, कई दिनों तक तरोताजा बने रहेंगे फूल, स्लांटिंग कट के साथ करते रहें रीअरेंज

सिटी रिपोर्टर • फूल गमले और बगीचे में ही नहीं बल्कि हर फंक्शन की शान बढ़ाते हैं। मगर इन नाजुक फूलों को तरोताजा बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं। एचएयू के हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट में डॉ. अरविंद मलिक ने फूलों की इसी ताजगी को बरकरार रखने के टिप्स दिए। जिसमें उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने घर में रखे फूलदान में सुक्रोज का प्रयोग कर सकती है। इसके लिए चीनी का प्रयोग एक बेहतर ऑप्शन है। जिसमें पानी का 2 प्रतिशत सुक्रोज प्रयोग किया जा सकता है। जो फूलदान में रखे फूलों को 10 से 15 दिन तक तरोताजा रख सकता है।

इसके साथ ही साइंटिस्ट मलिक ने फूलों की स्टिक की सही कटिंग, बुके में फूलों के अलावा प्रयोग होने वाले फिलर, फूलों के कलर कॉम्बीनेशन व कई फ्लोरल प्रिजर्वेटिव के बारे में बताया। इसके साथ ही स्टूडेंट्स ने फ्लावर अरेंज कर बुके और वास में फूलों को सही तरह प्रेक्टिकली लगाना सीखा।

कम पंखुड़ियों वाले फूल करें यूज

डॉ. अरविंद मलिक ने बताया कि फूलदान के लिए ऐसे फूलों का प्रयोग करें। जिसमें कम से कम पंखुड़ियां हो। क्योंकि ज्यादा पंखुडियां पानी भी ज्यादा सोखती है और फूल जल्दी सूख जाता है। इसके साथ ही फूलों को एक दिन बाद ही निकाल कर स्लांटिंग कट दें ताकि वह ज्यादा से ज्यादा सल्युशन सोख सके।

घर पर इस तरह बनाएं बुके

- फ्लोरल फॉम लें।
- फॉम में मॉइश्चर बनाने के लिए पहले पानी में डिप करें।
- फ्लावर्स अरेंज करने से पहले फिलर्स भरें।
- फिलर्स में फर्न, सिल्वर ऑक जैसे प्लांट की टहनियों का प्रयोग करें।
- फिलर्स को इस तरह प्रयोग करें कि फॉम दिखाई ना दें।
- ताजे फूलों को लगाते समय कलर्स में हारमोनी रखें।
- फोकल प्वाइंट बनाएं।

लॉन्ग लाइफ के लिए इन फ्लोरल प्रिजर्वेटिव्स का करें प्रयोग

- **सुक्रोज :** 2 प्रतिशत प्रति लीटर पानी
- **एचक्यूसी :** 200मिलीग्राम पर लीटर
- **एचक्यूएस :** 400 मिलीग्राम पर लीटर
- **सिल्वर नाइट्रेट :** 50 मिलीग्राम पर लीटर